कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी अलवर

क्रमांक :– मुख्य/संस्थापन/2023/2261

दिनांक :– 12/08/2023

–: विज्ञप्ति :–

श्रीमान निदेशक(अराजपत्रित) चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें राज0 जयपुर के आदेश क्रमांक अराज/यूटीबी/2023/392 दिनांक 04.08.2023 के पालनार्थ आमजन को समुचित सहज एवं सुलभ चिकित्सा सेवायें उपलब्ध कराने के दृष्टिगत जिले मे उपलब्ध पैरामेडिकल एवं फार्मासिस्ट के रपष्ट रिक्त पदो की सीमा तक आवश्यकता के अनुसार वित्तीय वर्ष 2023–24 अथवा रिक्त पदो पर नियमित कार्मिक उपलब्ध होने तक, जो पहले हो एक निर्धारित स्वीकृत दर पर राजस्थान सेवा नियम 1963, राजस्थान अधीनस्थ चिकित्सा सेवा नियम 1965 एवं राजस्थान सेवा नियमो के प्रावधानुसार आवश्यक अस्थाई आधार (युटीबी) पर जिला स्वास्थ्य कमेटी के माध्यम से विभाग द्वारा जारी आदेश दिनांक 04.10.2014 एवं 09.11.2017 एवं (युटीबी) के सम्बन्ध मे वित्त विभाग की स्वीकृति के अनुसरण मे आदेशो मे वर्णित शर्तो के अध्यधीन निम्नानुसार पदों पर चयन किया जाना है।

क्र.सं.	पदनाम	पदो की संख्या	योग्यता
1.	फार्मासिस्ट	24	न्यूनतम योग्यता– डिप्लोमा/बी फार्मेसी राजस्थान फार्मेसी काउन्सिल से पंजीकृत होना आवश्यक है।
2.	लैब टैक्नीशियन	25	न्यूनतम योग्यता– डीएमएलटी डिप्लोमा एवं आरपीएमसी काउन्सिल मे पंजीकृत होना आवश्यक है।
3.	सहायक रेडियोग्राफर	15	न्यूनतम योग्यता–बीआरटी/डीआरटी एवं आरपीएमसी मे पंजीकृत होना आवश्यक है।

नोटः– 1. अलवर जिले के मूल निवासी एवं कोविड–19 मे कार्य कर चुके अभ्यार्थियो को प्राथमिकता दी जायेगी तथा नियमानुसार आरक्षण देय होगा। 2. इच्छुक योग्य अभ्यर्थी दिनांक 14.08.2023 से https://forms.gle/YMmeDUAZWtXf2ACr9 पर दिये गये गुगल लिंक के माध्यम से दिनांक 18.08.2023 को सायं 6.00 बजे तक ऑनलाईन आवेदन कर सकते है, गुगल फार्म भरने के बाद आवेदन फार्म एवं दस्तावेज की प्रतिलिपी कार्यालय मे जमा करवाने की आवश्यक्ता नही है, अपितू दस्तावेज गुगल फार्म के साथ ही अटेच करे। 3. आवेदन करते समय किसी प्रकार की त्रुटि पाये जाने पर सम्बन्धित अभ्यर्थी का आवेदन निरस्त कर दिया जावेगा जिसके लिए अभ्यर्थी स्वयं जिम्मेदार होगा। 4. उक्त पदो मे वृद्वि/कमी चयन समिति द्वारा की जा सकती है। चयन के सम्बन्ध मे चयन समिति का निर्णय मान्य होगा। 5. अभ्यार्थियो की वरियता/चयन सूची alwar.rajasthan.gov.in पर प्रकाशित की जावेगी।

(डॉ0 श्रीराम शर्मा)
मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
अलवर

Scanned with CamScanner